समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


# 7 जुलाई को फोकस मे रंहेगें रेल विकास निगम लिमिटेड (RVNL) के शेयर, साउथ रेलवे से मिला 143 करोड़ रुपये का बड़ा ऑर्डर।


Publisher

Published on 07 Jul 2025




## दक्षिण रेलवे के इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम के अपग्रेडेशन के लिए RVNL को मिला बड़ा कॉन्ट्रैक्ट, शेयर बाजार मे हंलचल तेज होने के आसार।

**RVNL Shares:** रेलवे से जुड़ी **नवरत्न पीएसयू कंपनी** रेल विकास निगम लिमिटेड (**RVNL**) को **143.3 करोड़ रुपये** का बड़ा प्रोजेक्ट हासिल हुआ है। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसने **साउथ-सेट्रंल रेलवे** के साथ इस **कॉन्ट्रैक्ट के लिए लेटर ऑफ अवार्ड (LOA**) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस खबर के बाद सोमवार, **7 जुलाई 2025** को **शेयर बाजार मे RVNL** के शेयरों पर निवेशकों की खास नजर रहेगी।

**दक्षिण रेलवे मे इंलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम होगा अपग्रेड**
**RVNL** के इस प्रोजेक्ट के तहत दक्षिण रेलवे के सलेम डिवीजन में मौजूदा 1×25 केवी **ट्रैक्शन सिस्टम** को और अधिक उन्नत 2×25 केवी सिस्टम में बदला जाएगा।

**प्रमुख सेक्शन :**
१. **सलेम जंक्शन – पोदनूर जंक्शन**
२. **इरुगुर – कोयंबटूर जंक्शन – पोदनूर जंक्शन**
३. **इस अपग्रेड से दक्षिण रेलवे की मालवाहन क्षमता बढ़ेगी और 3,000 मीट्रिक टन तक माल ढुलाई का टारगेट पूरा किया जा सकेगा।**

४. **RVNL के मुताबिक, यह प्रोजेक्ट 24 महीने मे पूंरा किया जाएगा और इसकी कुल लागत टैक्स सहित 143.3 करोड़ रुपये होगी।**

**कैसा रहा RVNL के शेयरों का प्रदर्शन?**

**RVNL** के शेयर शुक्रवार को **NSE पर मामूली बढ़त के साथ 391.20 रुपये** पर बंद हुए थे।

शेयर का प्रदर्शन:

१. **52 हफ्ते का उच्चतम स्तर :** ₹647

२. **52 हफ्ते का न्यूनतम स्तर :** ₹295.25

३. **FY25 मे कंपनी का रेवेन्यू भले ही औसत रहा, लेकिन कंपनी ने अब तक 20,000-22,000 करोड़ रुपये के राजस्व का आंकड़ा छू लिया है।**

**न्यूक्लियर एनर्जी स्पेस मे भी कर रही एंट्री की तैयारी**

१. **RVNL का प्रोजेक्ट पोर्टफोलियो रेलवे के साथ-साथ मेट्रो प्रोजेक्ट्स, ब्रिज निर्माण और संस्थागत इंफ्रास्ट्रक्चर तक फैला हुआ है।**

२. **अब कंपनी स्वच्छ ऊर्जा और न्यूक्लियर एनर्जी स्पेस मे भी संभावनाएं तलाश रही है।**

३. हाल ही में रूस की **परमाणु ऊर्जा कंपनी Rosatom के साथ छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR) बनाने के लिए बातचीत हुई है।**

यह प्रोजेक्ट उत्तराखंड के ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन जैसे मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों के लिए हो सकता है।

**क्यों फोकस मे रंहेगें RVNL के शेयर?**

१. **नया बड़ा ऑर्डर मिलने के कारण बाजार मे संकारात्मक भाव**

२. **रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड मे कंपनी की प्रमुख भूमिका**

३. **न्यूक्लियर एनर्जी जैसे भविष्य के क्षेत्रों मे कंदम रखने की तैयारी**

४. **इन्हीं कारणों से निवेशक सोमवार को RVNL के स्टॉक्स पर नजर बनाए रखेगें।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.